दिनांकः 21.04.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- पचपदरा में राजस्थान रिफाइनरी में आग के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दौरा स्थगित–प्रशासन ने घटना की उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिये।
- रबी के दौरान गेहूं बुवाई का रकबा बढ़ने पर केन्द्र ने अतिरिक्त 25 लाख मीट्रिक टन गेहूं के निर्यात को मंजूरी दी।
- सिविल सेवा दिवस आज–उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन नई दिल्ली में सिविल सेवकों को संबोधित करेंगे।
- राज्यभर में बढ़ते तापमान से लोगों की दिनचर्या प्रभावित–15 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार।

बालोतरा के पचपदरा में राजस्थान रिफाइनरी की क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट में कल लगी आग के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रिफाइनरी उद्घाटन का कार्यक्रम स्थगित हो गया है। शुरूआती जांच में रिफाइनरी की सीडीयू में शॉर्ट सर्किट को आग का कारण माना जा रहा है। हालांकि आग पर समय रहते काबू पा लिया गया और किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। घटना की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, रिफाइनरी की सभी इकाइयां सुरक्षित हैं और लोकार्पण कार्यक्रम की नई तारीख जल्द घोषित की जाएगी। इस बहु प्रतिक्षित और महत्वपूर्ण रिफाइनरी को प्रधानमंत्री श्री मोदी आज राष्ट्र को समर्पित करने वाले थे। करीब 80 हजार करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस रिफाइनरी से सालाना 9 मिट्रीक टन क्रूड ऑयल को रिफाइन किया जाना है। यहां के तेल को भारत सहित दुनियाभर के 40 देशों में निर्यात भी किया जाएगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए उच्चस्तरीय जाँच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों और रिफाइनरी प्रबंधन से घटना की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि प्रदेशवासियों के आशा की प्रतीक इस रिफाइनरी का उद्घाटन जल्द ही प्रधानमंत्री द्वारा सम्पन्न होगा।
इस बीच, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि घटना की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल के साथ घटना स्थल का दौरा करेंगे।

................

केन्द्र सरकार ने किसानों के लाभ और घरेलू बाजारों की स्थिरता के लिए अतिरिक्त 25 लाख मीट्रिक टन गेहूं के निर्यात को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय उत्पादन अनुमानों, स्टॉक की उपलब्धता और मूल्य रुझानों की समीक्षा के बाद लिया गया है। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने बताया कि इस साल रबी में गेहूं की बुवाई बढ़कर 334 लाख हेक्टेयर से अधिक हो गई है, जो पिछले साल की तुलना में 6 लाख हेक्टेयर अधिक है। सरकार ने कहा कि देश में गेहूं का उत्पादन और भंडार पर्याप्त है, जिससे आपूर्ति की स्थिति मजबूत बनी हुई है।

राज्य सरकार ने खरीफ–2026 के लिए बीटी कपास के हाइब्रिड बीजों की बिक्री की अनुमति जारी कर दी है। कपास की व्यवसायिक खेती के लिए केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति तथा बीटी कपास पर स्थायी समिति की सिफारिशों के अनुसार ये औपचारिक अनुमति जारी की गई है। सरकार ने इसके लिए 34 बीज कंपनियों के बीजों को अनुमोदित किया है।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने जेईई मेन सत्र–2 के परिणाम जारी कर दिए हैं। इस परीक्षा में कुल 2 लाख 50 हजार 182 अभ्यर्थी जेईई एडवांस्ड के लिए योग्य घोषित हुए हैं। परीक्षा में 11 लाख 10 हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने भाग लिया था।

आज सिविल सेवा दिवस है। ये दिन लोक कार्मिकों के प्रशासन में योगदान और दायित्व तय करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन नई दिल्ली में सिविल सेवकों को संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के तहत प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस साल के कार्यक्रम का विषय है– विकसित भारतः अंतिम छोर तक नागरिक केन्द्रित शासन और विकास। इस अवसर पर कई केन्द्रीय मंत्री भी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी लोक सेवा दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी लोक सेवकों को शुभकामनाएं दी हैं।

रेलवे ने दिव्यांगजन के लिए यात्रा नियमों में बदलाव किया है। दिव्यांगजन अब वैध विशिष्ट दिव्यांगजन पहचान पत्र के साथ मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के अनारक्षित कोचों में यात्रा कर सकते हैं। रेल मंत्रालय ने कहा है कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जारी वैध यूआईडी कार्ड रखने वाले या रियायती किराए के पात्र दिव्यांगजन इन निर्धारित डिब्बों में यात्रा कर सकेंगे।
रेलवे ने निर्देश दिया है कि इन डिब्बों में अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वाले यात्रियों के खिलाफ रेल अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

रेलवे अगले तीन महीने में देशभर में ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के 18 हजार 262 फेरे संचालित करेगा। यात्रियों की बढ़ती मांग, निर्बाध तथा सुविधाजनक यात्रा के लिए यह निर्णय लिया गया है। रेलवे ने बताया कि इस साल 15 अप्रैल से 15 जुलाई तक कुल 908 ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी।

प्रेदशभर में इन दिनों तापमान में लगातार बढ़ोतरी से जनजीवन प्रभावित होने लगा है। दिन के साथ रातें भी गर्म हो रही हैं। पश्चिमी जिलों में दोपहर के समय बाजारों में सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है। वहीं गर्म हवाएं भी चलने से लोग जरूरी कामों से ही बाहर निकलते दिखाई दे रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों के दौरान 15 शहरों का दिन का पारा 40 डिग्री और 8 शहरों का रात का पारा 25 डिग्री के पार दर्ज किया गया।

उधर, हाड़ौती के जिलों में गर्मी बढ़ने से आमजन की दिनचर्या प्रभावित होती देखी जा रही है। हमारे कोटा संवाददाता ने बताया कि वहां दिन के साथ रातें भी गर्म होने लगी हैं। गर्मी से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की है।

................

इस बीच, मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में पारे में और उछाल होने और हीटवेव की संभावना जताई है।

प्रदेश में गर्मी के दिनों में लोगों को पीने के पानी की समुचित उपलब्धता के जलदाय विभाग ने विशेष अभियान चलाकर व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया है। दो दिन के राज्य व्यापी अभियान में 15 सौ 35 हैंडपम्पों को ठीक किया गया, जबकि 900 से अधिक पाइप लाइन लीकेजों को दुरुस्त किया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर इस विशेष अभियान के दौरान गांवों में जल जीवन मिशन, अमृत तथा ग्रीष्मकालीन कंटीन्जेंसी कार्यों का सघन निरीक्षण हुआ। इस दौरान ढाई हजार से अधिक कार्यों का निरीक्षण किया गया।

आईपीएल क्रिकेट में, कल रात मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटन्स को 99 रनों से हरा दिया। अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए, मुंबई इंडियंस ने निर्धारित ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 199 रन बनाए। जवाब में, गुजरात टाइटन्स की टीम 15 ओवर और पांच गेंदों में 100 रन पर सिमट गई। प्रतियोगिता में आज हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा। ये मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने खाद्य कारोबारियों को आयुर्वेद उत्पादों में केवल अश्वगंधा की जड़ और उसके अर्क को ही उपयोग में लेने के निर्देश दिये हैं। प्राधिकरण ने बताया कि आयुष मंत्रालय ने निर्माताओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप ही उत्पाद बनाने को कहा है।